दीपो से सजे घर द्वार दीपावली आई है गीत लिरिक्स

दीपो से सजे घर द्वार,
दीपावली आई है हाँ आई है,
खुशियो की सौगात लाई है,
मनभावन त्यौहार,
आया सुखदाई है सुखदाई है,
रोशनी घर घर में छाई है।bd।

सदियों पुराना पर्व ये सुहाना,
दीपो उत्सव कहाया है,
प्रेम की ज्योति हमने जलाकर,
अंधकार मिटाया है,
जग में निराला है ये पर्व अपना,
रोशन किया है जिसने घर अपना,
दुनिया ये रोशनी में नहाई है,
दीपो से सजे घर द्वार।bd।

सत्य की होती जीत हमेशा,
हार से हम न हारेंगे,
फिर से लौटके आयेगी खुशियां,
प्रभु ही हमको तारेगे,
महक उठेगा ये फिर से चमन,
सारे जहाँ में होगा चेनो अमन,
आशा की ज्योति हमने जगाई है,
दीपो से सजे घर द्वार।bd।

दीपो से सजे घर द्वार,
दीपावली आई है हाँ आई है,
खुशियो की सौगात लाई है,
मनभावन त्यौहार,
आया सुखदाई है सुखदाई है,
रोशनी घर घर में छाई है।bd।

गायक – राजीव विजयवर्गीय।
प्रेषक – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
नागदा जक्शन 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com